SYLLABUS

उर्दू सहायक के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम:-

(1) **प्रथम पत्र** - अंक - 100 अवधि - 2 घंटा ।

हिन्दी भाषा का ज्ञान (50 अंक):- निबंध, पत्र लेखन, व्याकरण, वाक्य-विन्यास, संक्षेपण ।

उर्दू भाषा का ज्ञान (50 अंक):- निबंध, पत्र लेखन, व्याकरण, वाक्य-विन्यास, संक्षेपण ।

मुख्य परीक्षा के प्रथम पत्र हिन्दी तथा उर्दू विषय में अर्हतांक 30 प्रतिशत है जो अनिवार्य होगा किन्तु मेधा सूची के प्रयोजनार्थ इसकी गणना नहीं की जायेगी । जो उम्मीदवार इस पत्र में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं करेंगे उनके मुख्य परीक्षा के दूसरे पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा वे मुख्य परीक्षा में योग्यता प्राप्त नहीं समझे जायेंगे ।

(2) **द्वितीय पत्र** - अंक - 100 अवधि - 2 घंटा ।

(क) **सामान्य अध्ययन** (80 अंक) :- विश्व / भारत / बिहार का इतिहास, भूगोल, अर्थ व्यवस्था, संस्कृति, राजनीतिक व्यवस्था, कृषि, पंचायती राज व्यवस्था, पंचवर्षीय योजना, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएँ । भारत का संविधान एवं उसकी मुख्य विशेषताएं, प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, राज्य की नीति के निदेशक तत्व, मूल कर्त्तव्य, राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक स्थिति और शक्तियां, राज्य का विधान मंडल, राज्य विधान मंडल के अधिकारी, बिहार विधान मंडल के सदस्यों की निरर्हतायें, शक्तियां एवं विशेषाधिकार, विधायी प्रक्रिया एवं विधायी कार्य, वित्तीय विषयों के संबंध में प्रक्रिया, उच्च्तम न्यायालय और उच्च न्यायालय - अधिकार क्षेत्र, शक्तियां, न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानान्तरण, अधिकारों का विभाजन, संघ और राज्य के बीच विधायी एवं प्रशासनिक शक्तियों का वितरण, चुनाव, आपात उपबंध, संविधान का संशोधन, अन्य संबंधित मुद्दे और दसवीं अनुसूची ।

(ख) **संख्यात्मक योग्यता** (20 अंक) :- संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, समय एवं दूरी ।